Near Airport - यूरोप की तर्ज पर इस एयरपोर्ट के नजदीक बसाए जाएंगे 3 नए शहर, DPR हुई तैयार

Jewar Airport - जेवर एयरपोर्ट का काम शुरू हो चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये कहा जा रहा है कि यूरोप की तर्ज पर इस एयरपोर्ट के नजदीक तीन शहर बसाए जाएंगे। डीपीआर भी बनकर तैयार हो चुकी है।

HR Breaking News, Digital Desk- जेवर एयरपोर्ट का काम शुरू हो चुका है. पीएम नरेन्द्र मोदी (PM Narendra Modi) और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ (CM Yogi Adityanath) ने जल्द से जल्द काम पूरा कर लेने के निर्देश दिए हैं. यह यूपी और दिल्ली-एनसीआर (Delhi-NCR) की तस्वीर बदलने वाला एयरपोर्ट होगा. इसके साथ ही तीन नए शहर बसाने की योजना पर भी काम चल रहा है

नए शहरों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो चुकी है. जल्द ही डीपीआर (DPR) शासन को भेजी जाएगी. तीनों शहर जेवर एयरपोर्ट (Jewar

Airport) के नजदीक और यमुना एक्सप्रेसवे (Yamuna Expressway) के किनारे बसाए जाएंगे. नए शहरों में आवासीय, औद्योगिक, कमर्शियल और इंस्टीट्यूशनल जैसी सभी तरह की एक्टिविटी होंगी.

11 हजार हेक्टेयर में बसेगा टप्पल-बाजना शहर-

जेवर एयरपोर्ट से महज कुछ ही दूरी पर टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर के नाम से शहर बसाया जा रहा है. टप्पल अलीगढ़ जिले का एक ब्लॉक है. टप्पल यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे हैं. इस शहर की खासियत ये है कि यहां लॉजिस्टिक और वेयर हाउसिंग कलस्टर बनाया जाएगा.

नया आगरा भी होगा एक्सप्रेसवे के किनारे-

नए प्लान के तहत तीसरा नया शहर नया आगरा होगा. नया आगरा भी यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे ही बसाया जा रहा है. नया शहर करीब 12 हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा. ऐसी चर्चा है कि नए आगरा से लैदर इंडस्ट्री को बड़ा फायदा मिलेगा. नया आगरा बसाने में जरूरी कागजी कार्रवाई अन्य तीन शहरों के मुकाबले जल्द पूरी हो जाएगी. क्योंकि नया आगरा एनसीआर में नहीं आता है. यूपी सरकार की मंजूरी मिलते ही नया आगरा बसाने का काम शुरू हो जाएगा.

नए मथुरा में होंगे नंदगांव और बरसाने के दर्शन-

यमुना अथॉरिटी ने राया में नया वृंदावन (हेरिटेज सिटी) बसाने की योजना बनाई. हेरिटेज सिटी को 9,350 हेक्टेयर में बसाने की तैयारी है. पहले चरण में 731 हेक्टेयर में टूरिज्म जोन और 110 हेक्टेयर में रिवर फ्रंट

विकसित किया जाएगा. इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के लिए अमेरिकी कंपनी सीबीआरई का चयन किया गया.

कंपनी ने ड्राफ़्ट रिपोर्ट यमुना अथॉरिटी को सौंप दी है. ड्राफ्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि यहां पर धार्मिक पर्यटन के साथ ब्रज की संस्कृति को दिखाया जाए ताकि मथुरा-वृंदावन आने वाले लोग यहां पर आकर रुक सकें. यहां पर रिजॉर्ट, बजट होटल, वेलनेस सेंटर और एंडवेंचर को भी विकसित किया जाए. ड्राफ्ट रिपोर्ट बनाते समय कंपनी ने वियतनाम और मलेशिया के शहरों का अध्ययन किया.